# पुना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| Annual Examination: (2020-21) | | | |
|---|---|---|---|
| **Student's Name:** | **Roll No.:** | **Grade :** | **VI** |
| **Date :** | **Time:** | **Subject:** | **Hindi** |
| **T. Sign :** | | **Total Marks** | **80** |

*** निर्देश- चारों खंड़ो के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**

**( खंड-क )**

**प्र-१ अपठित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक-10)**

विद्यार्थी जीवन को मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी कहें, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। विद्यार्थी काल में बालक में जो संस्कार पड़ जाते हैं, जीवन भर वही संस्कार अमिट रहते हैं। इसीलिए यही काल आधारशिला कहा गया है। यदि यह नींव दृढ़ बन जाती है तो जीवन सुदृढ़ और सुखी बन जाता है। यदि इस काल में बालक कष्ट सहन कर लेता है तो उसका स्वास्थ्य सुंदर बनता है। यदि मन लगाकर अध्ययन कर लेता है तो उसे ज्ञान मिलता है, उसका मानसिक विकास होता है। जिस वृक्ष को प्रारंभ से सुंदर सिंचन और खाद मिल जाती है, वह पुष्पित एवं पल्लवित होकर संसार को सौरभ देने लगता है। इसी प्रकार विद्यार्थी काल में जो बालक श्रम, अनुशासन, समय एवं नियमन के साँचे में ढल जाता है, वह आदर्श विद्यार्थी बनकर सभ्य नागरिक बन जाता है। सभ्य नागरिक के लिए जिन-जिन गुणों की आवश्यकता है, उन गुणों के लिए विद्यार्थी काल ही तो सुंदर पाठशाला है। यहाँ पर अपने साथियों के बीच रहकर वे सभी गुण आ जाने आवश्यक हैं, जिनकी कि विद्यार्थी को अपने जीवन में आवश्यकता होती है।

1)जीवन की आधारशिला किस काल को कहा जाता है?

2)गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

3)मानव जीवन के लिए विद्यार्थी जीवन की महत्ता स्पष्ट कीजिए।

4)छोटे वृक्ष के पोषण का उल्लेख किस संदर्भ में किया गया है और क्यों?

5)विद्यार्थी जीवन की तुलना पाठशाला से क्यों की गई है?

6)आदर्श विद्यार्थी बनकर ____________ नागरिक बना जाता है|

7) " गुण " शब्द का विलोम शब्द लिखिए|

क) श्रम ख) आदेश ग) संस्कार घ) अवगुण

8) विद्यार्थी जीवन को _____________ की रीढ़ की हड्डी कहा गया है|

9) " श्रम " शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए|

क) दानत ख) गुण ग) महेनत घ) तुलना

10) यदि विद्यार्थी मन लगाकर अध्ययन कर लेता है तो उसका ______________ विकास होता है|

**प्र-२ निम्नलिखत अपठित पदयांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक-10)**

हम जंग न होने देंगे!<br>
विश्व शांति के हम साधक हैं,

जंग न होने देंगे!
कभी न खेतों में फिर खूनी खाद फलेगी,
खलिहानों में नहीं मौत की फ़सल खिलेगी,
आसमान फिर कभी न अंगारे उगलेगा,
एटम से फिर नागासाकी नहीं जलेगी
युद्धविहीन विश्व का सपना भंग न होने देंगे!
हथियारों के ढेरों पर जिनका है डेरा,
मुँह में शांति, बगल में बम, धोखे का फेरा,
कफ़न बेचने वालों से कह दो चिल्लाकर,
दुनिया जान गई है उनका असली चेहरा,
कामयाब हों उनकी चालें, ढंग न होने देंगे!
हमें चाहिए शांति, ज़िंदगी हमको प्यारी,
हमें चाहिए शांति, सृजन की है तैयारी,
हमने छेड़ी जंग भूख से, बीमारी से,
आगे आकर हाथ बटाए दुनिया सारी,
हरी-भरी धरती को खूनी रंग न लेने देंगे!

1) कवि किस तरह की दुनिया चाहता है ?
2) 'खलिहानों में नहीं मौत की फ़सल खिलेगी' का आशय क्या है?
3) 'कफ़न बेचने वाले' कहकर कवि ने किनकी ओर संकेत किया है?
4) 'एटम' के माध्यम से कवि ने क्या याद दिलाया है ? उसका सपना क्या है ?
5) कवि ने किसके विरुद्ध युद्ध छेड़ रखा है? उसका यह कार्य कितना उचित है?
6) " शांति " शब्द का विलोम शब्द लिखिए|
क) अशांति ख) आकार ग) पूर्ण घ) दूर
7) आसमान फिर कभी न ________ उगलेगा|
8) " धरती " शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखिए|
क) आसमान ख) भूमि ग) आकाश घ) बीमारी
9) ________ जान गई है उनका असली चहेरा।
10) कविता का उचित शीर्षक लिखिए।

**( खंड-ख )**

**प्र-३ निम्नलिखित विषयों पर निबंध लिखिए। (कोई एक) (अंक-5)**

**पुस्तको का महत्व**

**अथवा**

**होली**

**प्र-४ निम्नलिखित विषयों पर पत्र लिखिए। (कोई एक) (अंक-5)**

'स्वच्छ भारत अभियान' को सफल बनाने की अपील करते हुए किसी प्रतिष्ठित समाचार-पत्र के सम्पादक को पत्र लिखिए।


**अथवा**

अपनी परीक्षा के विषय में पिताजी को पत्र लिखिए|

**प्र-५ निम्नलिखित विषय पर कहानी लेखन लिखिए।** **(अंक-5)**

एक ब्राह्मण- नेवला बड़ा हो गया- ब्राह्मणी का जल लेने जाना- नाग वहां आ पहुंचा- घड़े को नेवले पर पटक देना- ब्रह्माणी का भागना- मन शांत होना- पश्चात्ताप- सीख.

**प्र-६ दिए गए चित्र को देखकर वर्णन कीजिए।** **(अंक-5)**



**( खंड-ग )**

**प्र-७(क) निम्नलिखित उपसर्ग से शब्द बनाओ।** **(अंक-2)**

1) अध्- 2) भर-

**(ख) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।** **(अंक-4)**

1) किसी से भी न डरना वाला-

2) कठिनता से प्राप्त होने वाला-

3) इतिहास से संबंध रखने वाला-

4) समाज-सेवा करने वाला-

**(ग) निम्नलिखित प्रत्यय से दो-दो शब्द बनाओ।** **(अंक-2)**

1) आड़ी 2) इया

**(घ) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ देकर वाक्य बनाओ।** **(अंक-3)**

1) अँगूठी का नगीना- 2) अंगारों पर पैर रखना-

3) अन्धे के आगे रोना-

**(च) निम्नलिखित वाक्यों के प्रकार लिखिए।** **(अंक-2)**

1) यहाँ गाड़ी खड़ी करना मना है।

2) वाह ! भारत ने विश्वकप जीत लिया।

**(छ) निम्नलिखित कारक के भेद लिखिए। (अंक-3)**

1)अरे ! बच्चो शोर मत करो।

2)चूहा बिल से बाहर निकला।

3)पुस्तक मेज पर है।

**(ज) निम्नलिखित क्रिया-विशेषण को पहचानकर लिखिए। (अंक-4)**

1)ट्रेन अभी आनेवाली है|

क) स्थानवाचक ख) रीतिवाचक ग) कालवाचक घ) परिमाणवाचक

2)जितना पढ़ोगे अच्छा रहेगा |

क) स्थानवाचक ख) रीतिवाचक ग) कालवाचक घ) परिमाणवाचक

3) वह मेरे घर बहुधा आता है|

क) स्थानवाचक ख) रीतिवाचक ग) कालवाचक घ) परिमाणवाचक

4) वह बाहर खड़ा है|

क) स्थानवाचक ख) रीतिवाचक ग) कालवाचक घ) परिमाणवाचक

## ( खंड-घ )

**प्र-8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक-5)**

1) अब किसके अलबम की पूछ नहीं रह गई थी?
2) डलहौज़ी प्रसन्न क्यों था?
3) एक रोड़ा दरिया में लुढ़कता-लुढ़कता किस रूप में बदल जाता है?
4) गांधी द्वारा भोजन परोसने के कारण आश्रमवासियों को क्या सहना पड़ता था?
5) बाँस से क्या-क्या चीजें बनाई जाती हैं?

**प्र-9 किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक-6)**

1) बाँस की बुनाई मानव के इतिहास में कब आरंभ हुई होगी?
2) गोल-चमकीला रोड़ा अपनी क्या कहानी बताता है?
3) भारतीयों ने अंग्रेजों को दूर करने का निश्चय क्यों किया था?
4) आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गाँधी जी ने कौन-सा काम करवाया और क्यों?

**प्र-10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक-5)**

1) रावण ने सीता के किन गुणों की प्रशंसा की?
2) सुग्रीव के बड़े भाई का क्या नाम था?
3) सीता क्या सुनकर विचलित हो गई?
4) हनुमान कौन सी बूटी लाए?
5) सुरसा कौन थी और वह क्या चाहती थी?

**प्र-11 किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (अंक-4)**

1) "प्रकृति का जादू" किसे कहा गया है?
2) लाखों-करोड़ों वर्ष पहले हमारी धरती कैसी थी?
3) लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से क्यों की?